ग्राम सचिव 9 Jan 2021

Evening

पुस्तिका क्रम संख्या
Booklet Serial No.
202675.

# TEST CODE : 9/2019

## Category No. : 1 (E1)

Series : **J**

Candidate's Roll Number / अभ्यार्थी का रोल नम्बर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

Time allowed : 1 Hour 30 Minutes
अवधि : 1 घंटा और 30 मिनट

Total Questions : 90
कुल प्रश्न : 90

Maximum Marks : 90
अधिकतम अंक : 90

**KINDLY READ THE INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER**

**IMPORTANT INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES**

**इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें**

**अभ्यार्थियों के लिए विशेष निर्देश**

1. This Booklet contains **90** questions and **1** mark each for right answer.
2. Before attempting the question paper kindly check that this booklet has total **16** pages and OMR Answer Sheet consists of three copies. At the start of the examination and within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of test booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and test booklet is not damaged in any manner. Serial No. and Series of OMR Answer Sheet and Test Booklet match with each other. In case of any discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Do not forget to write roll number on the top of this question booklet and OMR Answer Sheet.
4. Do not tear or fold any page of the question booklet and OMR Answer Sheet.
5. Candidate must bring legibly printed Admit Card with recent coloured photo pasted on it at mark B duly attested by Gazetted Officer and one Identity proof with photo like Driving License, Voter Card, Aadhar Card, Passport etc. at the Examination Centre failing which candidate will not be allowed to take the examination.
6. Candidates are advised to make sure to fill the correct name, Roll No. and test booklet code on the OMR Answer Sheet. If the space for the Booklet Code is left blank or more than one booklet code is indicated therein and non filling of name and Roll No. as per instruction, it will be deemed to be an incorrect booklet code and Answer Sheet will not be evaluated. The candidate himself/herself will be solely responsible for all the consequences arising out of any error or omission in writing the test booklet code. Candidate shall put his/her LTI (Male) and RTI (Female) on attendance sheet, on the OMR Answer Sheet and on the Biometric Machine along with signature.
7. Candidate should put his/her signature and thumb impression on the Admit Card at two places in the presence of Invigilator in the Examination Hall.
8. **Candidates are warned not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener etc., to smudge, scratch or damage in any manner on the OMR Answer Sheet during Examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Sheet of candidates using Eraser, Blade, Nail or White Fluids/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner, shall be cancelled.**
9. **In case of any discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the English version will be treated as final/authentic.**

1. इस प्रश्न पुस्तिका में **90** प्रश्न है। हर एक सही उत्तर के लिए एक अंक है।
2. प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में कुल **16** पृष्ठ और एक OMR उत्तर पत्रक तीन कापियों वाला है। अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए है और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है। OMR उत्तर पत्रक एवं टेस्ट बुकलेट (पुस्तिका) के सीरियल नं. और सीरीज एक-समान होने चाहिए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यार्थी को परीवीक्षक से टेस्ट बुकलेट और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए। परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इस पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें।
4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न मोड़ें।
5. अभ्यार्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है। इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है। इनके न होने पर अभ्यार्थी को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी।
6. अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नं. और टेस्ट बुकलेट कोड सही भरा है। यदि बुकलेट-कोड के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट कोड लिख दिए गए है या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए है तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट कोड माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। टेस्ट बुकलेट कोड लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यार्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा। पुरुष-अभ्यार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला अभ्यार्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर पत्रक पर और बायोमैट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे।
7. परीक्षा-हॉल में परीवीक्षक की उपस्थिति में अभ्यार्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने है और अँगूठे के निशान देने है।
8. **अभ्यार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे OMR उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें। OMR उत्तर पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात् उसे मिटाने के लिए रबड, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ/वाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाने पर सख्त निषेध है। इन वस्तुओं के प्रयोग से उत्तर-पत्रक या OMR उत्तर पत्रक में धब्बे पड़े होने पर, खरोंच के निशान होने पर या क्षति होने पर अभ्यार्थी की अभ्यार्थिता और OMR उत्तर पत्रक दोनों ही निरस्त कर दिए जाएँगे।**
9. **यदि किसी प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद में कोई अंतर है तो अंग्रेजी अनुवाद को ही सही समझा जायेगा।**

J SL. NO:2?
ENV. SL NO:05
ROLL NO: 9191
NAME : [redacted]
Father Name: [redacted]

(Read the instructions on last page of this booklet.)
(प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिये हुए निर्देश को पढ़ें।)



Downloaded from www.cclchapter.com

1. Choose the most appropriate description about the following three words.
Fly, Bee, Ant
(A) Termite (B) Cockroach
(C) Spider (D) Insect

2. 'Establishment and Constitution of Authority' is mentioned in which Section of Haryana Panchayati Raj Act, 1994 ?
(A) Section 221 (B) Section 218
(C) Section 219 (D) Section 220

3. Which of the following Indian Government Institutions recently introduced the 'Meri Saheli' initiative that will focus on safety of women ?
(A) National Vigilance Commission
(B) Indian Police Service
(C) Indian Railways
(D) National Commission for Women

4. Asia's biggest garden in Haryana devoted to rare and endangered species of cacti and succulents is located in
(A) Sonipat
(B) Panchkula
(C) Yamuna Nagar
(D) Mewat

5. Where is the oldest railway station of Haryana, which was built in 1873 ?
(A) Hansi (B) Sirsa
(C) Ambala (D) Rewari

6. Which district of Haryana has the lowest literacy rate ?
(A) Mahendragarh
(B) Bhiwani
(C) Mewat
(D) Rewari

1. निम्नलिखित तीन शब्दों के लिए सबसे उपयुक्त विवरण चुनिए ।
मक्खी, मधुमक्खी, चींटी
(A) दीमक (B) तिलचट्टा
(C) मकड़ी (D) कीट

2. हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा में 'प्राधिकरण की स्थापना और संरचना' उल्लिखित है ?
(A) धारा 221 (B) धारा 218
(C) धारा 219 (D) धारा 220

3. भारत सरकार की निम्नलिखित में से किस संस्था ने महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने के लिए 'मेरी सहेली' पहल को हाल ही में आरंभ किया है ?
(A) राष्ट्रीय सतर्कता आयोग
(B) भारतीय पुलिस सेवा
(C) भारतीय रेलवे
(D) राष्ट्रीय महिला आयोग

4. नागफनी और रसदार वृक्षों की विरल और संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए समर्पित एशिया का सबसे बड़ा बगीचा हरियाणा के ______________ में स्थित है ।
(A) सोनीपत
(B) पंचकुला
(C) यमुना नगर
(D) मेवात

5. हरियाणा का सबसे पुराना रेलवे स्टेशन कहाँ है, जो 1873 में बना था ?
(A) हांसी (B) सिरसा
(C) अम्बाला (D) रेवाड़ी

6. हरियाणा का सबसे कम साक्षरता वाला जिला कौन-सा है ?
(A) महेंद्रगढ़
(B) भिवानी
(C) मेवात
(D) रेवाड़ी



Downloaded from www.cclchapter.com

7. In which year did Bangladesh attain Independence ?

(A) 1961 (B) 1947

(C) 1971 (D) 1948

8. The Ottu barrage in Haryana is situated on which river ?

(A) Sahibi (B) Ghaggar-Hakra

(C) Tangri (D) Yamuna

9. Select the number which is different from other three.

(A) 24 (B) 48

(C) 59 (D) 12

10. Which district is declared as 22nd district of Haryana ?

(A) Charkhi Dadri (B) Palwal

(C) Nuh (D) None of these

11. Three inscriptions of ruler Vigraharaja – IV is mentioned in which Pillar ?

(A) Pillar of Vijayanagara

(B) Pillar of Hoysala

(C) Pillar of Pallava

(D) Pillar of Topra

12. 'Bundestag' and 'Bundesrat' are the two Houses of Legislature in

(A) Belgium (B) Germany

(C) France (D) Denmark

13. Which of the following is not a Division (Mandal) of Haryana ?

(A) Hisar (B) Gurugram

(C) Rohtak (D) Rewari

14. Who founded the city of Faridabad in Haryana ?

(A) Raja Nuhar Singh

(B) Sheikh Farid

(C) Jahangir

(D) Malik Mahdud Khan

7. बांग्लादेश किस वर्ष में स्वतंत्र हुआ ?

(A) 1961 (B) 1947

(C) 1971 (D) 1948

8. हरियाणा में ओट्टू बैराज किस नदी पर स्थित है ?

(A) साहिबी (B) घग्गर-हकरा

(C) टांगरी (D) यमुना

9. वह संख्या चुनिए जो अन्य तीनों से भिन्न है ।

(A) 24 (B) 48

(C) 59 (D) 12

10. कौन-सा जिला हरियाणा का 22वाँ जिला घोषित किया गया है ?

(A) चरखी दादरी (B) पलवल

(C) नूँह (D) इनमें से कोई नहीं

11. शासक विग्रहराज – IV के तीन शिलालेख किस स्तंभ में हैं ?

(A) विजयनगर स्तंभ

(B) होयसल स्तंभ

(C) पल्लव स्तंभ

(D) टोपरा स्तंभ

12. 'बुंडेस्टैग' और 'बुंडेस्रैट' ________ में विधायिका के दो सदन हैं ।

(A) बेल्जियम (B) जर्मनी

(C) फ्रांस (D) डेन्मार्क

13. निम्न में से कौन-सा हरियाणा में मंडल नहीं है ?

(A) हिसार (B) गुरुग्राम

(C) रोहतक (D) रेवाड़ी

14. हरियाणा में फरीदाबाद शहर की स्थापना किसने की ?

(A) राजा नुहार सिंह

(B) शेख फरीद

(C) जहाँगीर

(D) मलिक महदूद खान





Downloaded from www.cclchapter.com

15. Equal volumes of all gases under the same conditions of temperature and pressure contain equal number of molecules. This is
(A) Dalton's law (B) Charles' law
(C) Boyle's law (D) Avogadro's law

16. Which of the following is lowest unit of Panchayati Raj in Haryana ?
(A) Gram Panchayat
(B) Zila Parishad
(C) Block Panchayat
(D) Taluk Panchayat

17. How many Municipal Corporations are there in Haryana ?
(A) 19 (B) 17
(C) 20 (D) 10

18. A person borrows Rs. 5,000 for 2 years at 4% p.a. simple interest, he immediately lends it to another person at $6\frac{1}{4}$% p.a. simple interest for 2 years. Find his gain in the transaction per year.
(A) Rs. 150 (B) Rs. 112.50
(C) Rs. 125 (D) Rs. 167.50

19. If GYMNASIUM is written as NTJRBMNXH, using the same code COMPLAINT can be written as
(A) EJNNDOPQT (B) DNNOMZNMU
(C) UMJZMONND (D) FTYZAAJJK

20. Who composed 'Amritvani' in Haryanvi language ?
(A) Guru Gorakhnath
(B) Jetram
(C) Raja Ram Shastri
(D) Sant Garibdas

15. तापमान और दबाव की समान परिस्थितियों में सभी गैसों के समान आयतनों में अणुओं की समान संख्या होती है । यह है
(A) डाल्टन का नियम (B) चार्ल्स का नियम
(C) बॉयल का नियम (D) एवोगैड्रो का नियम

16. निम्नलिखित में से कौन-सी हरियाणा में पंचायती राज की सबसे निचली इकाई है ?
(A) ग्राम पंचायत
(B) जिला परिषद
(C) ब्लोक पंचायत
(D) ताल्लुक पंचायत

17. हरियाणा में कितने नगर निगम हैं ?
(A) 19 (B) 17
(C) 20 (D) 10

18. एक व्यक्ति 2 वर्ष के लिए 4% प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर से Rs. 5,000 उधार लेता है । वह तुरंत उसे 2 वर्ष के लिए एक अन्य व्यक्ति को $6\frac{1}{4}$% प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर से उधार दे देता है । उसके इस अंतरण में प्रति वर्ष लाभ ज्ञात कीजिए ।
(A) Rs. 150 (B) Rs. 112.50
(C) Rs. 125 (D) Rs. 167.50

19. यदि GYMNASIUM को NTJRBMNXH लिखा जाता है, तो उसी कूट का प्रयोग करके COMPLAINT को ________ लिखा जाएगा ।
(A) EJNNDOPQT (B) DNNOMZNMU
(C) UMJZMONND (D) FTYZAAJJK

20. हरियाणवी भाषा में 'अमृतवाणी' की रचना किसने की ?
(A) गुरु गोरखनाथ
(B) जेटराम
(C) राजा राम शास्त्री
(D) संत गरीबदास

J



Downloaded from www.cclchapter.com

21. If the position of the first and sixth letters of the word 'BENEFICIAL' are interchanged similar the positions of the second and seventh letters are interchanged and so on, which letter will be third from the right end after rearrangement ?

(A) F (B) C
(C) E (D) N

22. Total area of Haryana is

(A) 44212 km² (B) 33212 km²
(C) 34212 km² (D) 22312 km²

23. In which year the Indian Institute of Management (IIM) Rohtak was established ?

(A) 2009 (B) 2011
(C) 2013 (D) 2001

24. What is the de Broglie wavelength of an electron, whose kinetic energy is 120 eV ?
(Given : $m_e = 9.11 \times 10^{-31}$ kg, $h = 6.63 \times 10^{-34}$ Js, 1eV = $1.6 \times 10^{-19}$ J)

(A) 100 nm (B) 0.8 nm
(C) 0.112 nm (D) 0.5 nm

25. Which country is not part of the Indo-Pacific Quad grouping ?

(A) US (B) Japan
(C) India (D) Indonesia

26. The acronym DOS stands for

(A) Diskless Operating System
(B) Disk Operating System
(C) Driver Operating System
(D) Driver Operational System

27. Which is the world's deepest lake ?

(A) Lake Baikal (B) Lake Victoria
(C) Lake Kivu (D) Lake Malawi

21. यदि शब्द 'BENEFICIAL' के पहले और छठे अक्षर का स्थान आपस में बदल दिया जाए इसी प्रकार दूसरे और सातवें अक्षर का स्थान आपस में बदल दिया जाए और आगे भी इसी प्रकार बदल दिए जाए तो पुनर्व्यवस्था के बाद दाएँ छोर से तीसरा अक्षर कौन-सा होगा ?

(A) F (B) C
(C) E (D) N

22. हरियाणा का कुल क्षेत्रफल है

(A) 44212 km² (B) 33212 km²
(C) 34212 km² (D) 22312 km²

23. भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) रोहतक की स्थापना किस वर्ष में हुई ?

(A) 2009 (B) 2011
(C) 2013 (D) 2001

24. जिसकी गतिज ऊर्जा 120 eV हो, उस इलेक्ट्रॉन की डी ब्रॉगली तरंगदैर्ध्यता क्या है ?
(दिया है : $m_e = 9.11 \times 10^{-31}$ kg, $h = 6.63 \times 10^{-34}$ Js, 1eV = $1.6 \times 10^{-19}$ J)

(A) 100 nm (B) 0.8 nm
(C) 0.112 nm (D) 0.5 nm

25. कौन-सा देश हिंद-प्रशांत चतुष्कोण (इंडो-पैसिफिक क्वाड) समूह का भाग नहीं है ?

(A) यू.एस. (B) जापान
(C) भारत (D) इंडोनेशिया

26. संक्षिप्त रूप DOS ________ के लिए आता है ।

(A) डिस्कलेस् ऑपरेटिंग सिस्टम
(B) डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम
(C) ड्राइवर ऑपरेटिंग सिस्टम
(D) ड्राइवर ऑपरेशनल सिस्टम

27. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है ?

(A) बैकाल झील (B) विक्टोरिया झील
(C) कीवू झील (D) मलावी झील



Downloaded from www.cclchapter.com

28. In Haryana, HRDFA means
(A) Haryana Regulatory Development Forest Administration
(B) Haryana Rural Development Forest Administration
(C) Haryana Registry Development Fund Administration
(D) Haryana Rural Development Fund Administration

29. If the letters of the word "NUTAN" are rearranged alphabetically from right to left, how many letters will remain in the same position ?
(A) Two (B) None
(C) One (D) Three

30. The device that holds a disk is called a
(A) Disk Set (B) Disk Let
(C) Disk Bag (D) Disk Drive

31. $\frac{(469+174)^2-(469-174)^2}{469\times174}=$
(A) 295 (B) 2
(C) 4 (D) 643

32. Which Committee of the Panchayat Samiti in Haryana perform functions relating to the establishment matters, communication, building, rural housing, etc. ?
(A) Social Justice Committee
(B) Finance, Audit and Planning Committee
(C) General Committee
(D) Rural Development Committee

33. Who built the Surajkund lake in Faridabad district of Haryana ?
(A) Raja Surajpal
(B) Raja Siraj Dev
(C) Raja Nahar Singh
(D) Raja Gurdit Singh

28. हरियाणा में, एच.आर.डी.एफ.ए. का मतलब है
(A) हरियाणा रेग्युलेटरी डेवलपमेंट फॉरेस्ट एडमिनिस्ट्रेशन
(B) हरियाणा रुरल डेवलपमेंट फॉरेस्ट एडमिनिस्ट्रेशन
(C) हरियाणा रजिस्ट्री डेवलपमेंट फंड एडमिनिस्ट्रेशन
(D) हरियाणा रुरल डेवलपमेंट फंड एडमिनिस्ट्रेशन

29. यदि शब्द "NUTAN" के अक्षरों को वर्णमाला के क्रमानुसार दाएँ से बाएँ पुन: व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षर समान स्थिति में रहेंगे ?
(A) दो (B) कोई नहीं
(C) एक (D) तीन

30. डिस्क को धारण करने वाले उपकरण को ______ कहा जाता है।
(A) डिस्क सेट (B) डिस्क लेट
(C) डिस्क बैग (D) डिस्क ड्राइव

31. $\frac{(469+174)^2-(469-174)^2}{469\times174}=$
(A) 295 (B) 2
(C) 4 (D) 643

32. हरियाणा में पंचायत समिति की कौन-सी समिति स्थापना मामलों, संप्रेषण, निर्माण, ग्रामीण आवास, आदि से संबंधित कार्य निष्पादित करती है ?
(A) सामाजिक न्याय समिति
(B) वित्त, लेखा परीक्षण और आयोजना समिति
(C) सामान्य समिति
(D) ग्रामीण विकास समिति

33. हरियाणा के फरीदाबाद जिले में सूरजकुंड झील किसने बनाया ?
(A) राजा सूरजपाल
(B) राजा सिरज देव
(C) राजा नाहर सिंह
(D) राजा गुरदित सिंह



Downloaded from www.cclchapter.com

**34.** According to the Haryana Panchayati Raj Act, 1994, the Sarpanch of the Gram Panchayat is elected through

(A) Absentee Voting

(B) Secret Ballot

(C) Open Ballot


(D) Show of Hands

**35.** Find the sum of prime numbers lying between 60 and 75.

(A) 211 (B) 199

(C) 201 (D) 272

**36.** Replace the question mark (?) with correct alternative.




(A) 48 (B) 50

(C) 49 (D) 47

**37.** A rocket whose initial mass is 850 kg consumes fuel at the rate 2.3 $kgs^{-1}$. The speed of the exhaust gases relative to the rocket engine is 2800 $ms^{-1}$. What thrust does the rocket engine provide ?

(A) $5.47 \times 10^6$ N

(B) 1217 N

(C) 7400 N

(D) 6440 N

**38.** This is an instrument with only a single string which is attached to a piece of bamboo. What is the instrument called ?

(A) Been (B) Sarangi

(C) Ektara (D) Khanjari

**34.** हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अनुसार ग्राम पंचायत का सरपंच ____________ के माध्यम से चुना जाता है ।

(A) अनुपस्थितों के मतदान

(B) गुप्त मतदान

(C) खुला मतदान


(D) हाथ दिखाकर

**35.** 60 और 75 के बीच के अभाज्य संख्याओं का योग ज्ञात करें ।

(A) 211 (B) 199

(C) 201 (D) 272

**36.** प्रश्नचिन्ह (?) को सही विकल्प द्वारा प्रतिस्थापित करें ।




(A) 48 (B) 50

(C) 49 (D) 47

**37.** एक रॉकेट जिसका आरंभिक द्रव्यमान 850 kg है, 2.3 $kgs^{-1}$ की दर से ईंधन की खपत करता है । रॉकेट इंजन के सापेक्ष निकासी गैसों की गति 2800 $ms^{-1}$ है । रॉकेट इंजन कितना प्रणोद लगाता है ?

(A) $5.47 \times 10^6$ N

(B) 1217 N

(C) 7400 N

(D) 6440 N

**38.** बाँस के एक टुकड़े से जुड़ी एक तार वाला इकलौता वाद्य यही है । इसे क्या कहते हैं ?

(A) बीन (B) सारंगी

(C) एकतारा (D) खंजरी



J

Downloaded from www.cclchapter.com

**39.** The philosophical study of the nature, origin and limits of human knowledge is called

(A) Enology (B) Endemology

(C) Epistemology (D) Ethology

**40.** Which of the following National Highways that pass through Haryana, connects Delhi and Fazilka in Punjab ?

(A) NH 10 (B) NH 2

(C) NH 65 (D) NH 8

**41.** Which one of the following is not a composition of the King Harshavardhana ?

(A) Priyadarshika (B) Nagananda

(C) Ratnavali (D) Kadambari

**42.** In MS Excel, ____________, a text function is useful for combining values from different cells into a single cell.

(A) ADD (B) CONCATENATE

(C) SUM (D) MERGE

**43.** Of the species $O_2, O_2^+, O_2^-, O_2^{2-}$, which would have the shortest bond length ?

(A) $O_2^-$ (B) $O_2^+$

(C) $O_2$ (D) $O_2^{2-}$

**44.** Find the lowest common multiple of 24, 36 and 40.

(A) 360 (B) 120

(C) 240 (D) 480

**45.** If EXAMINATION could be given the code number 125, what code number can be given to HARDWORK ?

(A) 68 (B) 521

(C) 258 (D) 98

**39.** मानव ज्ञान की प्रकृति, उद्भव और सीमाओं का दार्शनिक अध्ययन ____________ कहलाता है ।

(A) इनोलॉजी (B) एंडेमोलॉजी

(C) एपिस्टेमोलॉजी (D) इथोलॉजी

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग हरियाणा से होकर गुजरता है, दिल्ली और पंजाब में फाजिल्का को जोडता है ?

(A) NH 10 (B) NH 2

(C) NH 65 (D) NH 8

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सी राजा हर्षवर्धन की रचना नहीं है ?

(A) प्रियदर्शिका (B) नागानंद

(C) रत्नावली (D) कादंबरी

**42.** एम.एस.एक्सेल में, ____________ , एक टेक्स्ट फंक्शन है, भिन्न सेलों के मानों को एक सेल संयुक्त करने में उपयोगी है ।

(A) ADD (B) CONCATENATE

(C) SUM (D) MERGE

**43.** $O_2, O_2^+, O_2^-, O_2^{2-}$ में से किस स्पीशीज़ की आबंध दूरी सबसे छोटी होगी ?

(A) $O_2^-$ (B) $O_2^+$

(C) $O_2$ (D) $O_2^{2-}$

**44.** 24, 36 और 40 का लघुतम समापवर्त्य ज्ञात करें ।

(A) 360 (B) 120

(C) 240 (D) 480

**45.** यदि EXAMINATION की कूट संख्या 125 दी है, तो HARDWORK की कूट संख्या क्या दी जा सकती है ?

(A) 68 (B) 521

(C) 258 (D) 98



Downloaded from www.cclchapter.com

46. Find the value of x.

$\frac{11}{4} = \frac{77}{x}$

(A) 44 (B) 28

(C) 77 (D) 308

47. 'Acquisition of Land' is mentioned in which Section of Haryana Panchayati Raj Act, 1994 ?

(A) Section 255 (B) Section 253

(C) Section 254 (D) Section 256

48. If one-third of one-fourth of a number is 15, then three-tenth of that number is

(A) 45 (B) 35

(C) 36 (D) 54

49. Where is the Ancient Gumbad monument situated in Haryana ?

(A) Mewat (B) Kaithal

(C) Bhiwani (D) Palwal

50. Who appoints the members of Haryana Public Service Commission ?

(A) Chief Minister of State

(B) Prime Minister

(C) Governor

(D) President

51. The first battle of Panipat happened in the year

(A) 1529 (B) 1526

(C) 1532 (D) 1536

52. Complete the analogy.

Thermometer : Degree : : Clock : ?

(A) Hour (B) Tower

(C) Height (D) Velocity

46. x का मान ज्ञात कीजिए ।

$\frac{11}{4} = \frac{77}{x}$

(A) 44 (B) 28

(C) 77 (D) 308

47. हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा में 'भूमि का अधिग्रहण' उल्लिखित है ?

(A) धारा 255 (B) धारा 253

(C) धारा 254 (D) धारा 256

48. यदि एक संख्या की एक-चौथाई की एक-तिहाई 15 है, तो उस संख्या का $3/_{10}$ है

(A) 45 (B) 35

(C) 36 (D) 54

49. प्राचीन गुंबद स्मारक हरियाणा में कहाँ स्थित है ?

(A) मेवात (B) कैथल

(C) भिवानी (D) पलवल

50. हरियाणा लोकसेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है ?

(A) राज्य का मुख्यमंत्री

(B) प्रधानमन्त्री

(C) राज्यपाल

(D) राष्ट्रपति

51. पानीपत का प्रथम युद्ध ________ वर्ष में हुआ ।

(A) 1529 (B) 1526

(C) 1532 (D) 1536

52. समरूपता पूर्ण कीजिए ।

थर्मामीटर : डिग्री : : घड़ी : ?

(A) घंटा (B) टॉवर

(C) ऊँचाई (D) वेग



Downloaded from www.cclchapter.com

53. When was the Shah Commission set up under the Chairmanship of Justice J. C. Shah in 23 April, 1966 submitted their report ?
(A) 31 May, 1966
(B) 15 July, 1966
(C) 30 June, 1966
(D) 28 July, 1966

54. Who was the first Governor of Haryana ?
(A) G. D. Tapase
(B) R. S. Narula
(C) Dharma Vira
(D) B. N. Chakraborty

55. At present, the ratio between the ages of Arun and Deepak is 4 : 3. After 6 years, Arun's age will be 26 years. What is the age of Deepak at present ?
(A) $19\frac{1}{2}$ years (B) 12 years
(C) 15 years (D) 21 years

56. Which Article provides for the Fundamental Duty to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women ?
(A) Article 32 A (B) Article 50 A
(C) Article 51 A (D) Article 45 A

57. The highest peak 'Karoh' is located in which district of Haryana ?
(A) Panchkula (B) Kurukshetra
(C) Ambala (D) Nuh

58. Haryana State was formed on 1st November, 1966 on the recommendation of which Committee ?
(A) Lal Bahadur Shastri
(B) Sardar Hukam Singh
(C) Indira Gandhi
(D) Sir Chhotu Ram

53. 23 अप्रैल, 1966 को न्यायमूर्ति जे.सी. शाह की अध्यक्षता में बने शाह आयोग ने अपना प्रतिवेदन कब प्रस्तुत किया ?
(A) 31 मई, 1966
(B) 15 जुलाई, 1966
(C) 30 जून, 1966
(D) 28 जुलाई, 1966

54. हरियाणा का प्रथम राज्यपाल कौन था ?
(A) जी. डी. तापसे
(B) आर. एस. नरुला
(C) धर्म वीर
(D) बी. एन. चक्रवर्ती

55. वर्तमान में अरुण और दीपक की आयु का अनुपात 4 : 3 है। 6 वर्ष बाद अरुण की आयु 26 वर्ष होगी। वर्तमान में दीपक की आयु कितनी है ?
(A) $19\frac{1}{2}$ वर्ष (B) 12 वर्ष
(C) 15 वर्ष (D) 21 वर्ष

56. कौन-सा अनुच्छेद, धार्मिक, भाषीय और प्रदेशीय या प्रांतीय विविधता से परे भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना को प्रोत्साहन देने और महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध प्रथाओं का त्याग करने के मौलिक कर्तव्य का प्रावधान करता है ?
(A) अनुच्छेद 32 A (B) अनुच्छेद 50 A
(C) अनुच्छेद 51 A (D) अनुच्छेद 45 A

57. हरियाणा के किस जिले में सबसे ऊँची चोटी 'कारो' स्थित है ?
(A) पंचकुला (B) कुरुक्षेत्र
(C) अम्बाला (D) नूंह

58. हरियाणा राज्य का निर्माण 1 नवम्बर, 1966 को किस समिति की अनुशंसा पर हुआ था ?
(A) लाल बहादुर शास्त्री
(B) सरदार हुकम सिंह
(C) इंदिरा गांधी
(D) सर छोटू राम



Downloaded from www.cclchapter.com

59. Where is Lake Tanganyika situated ?
(A) North America (B) Asia
(C) Africa (D) Australia

60. Name the first Indian player born in Haryana to secure world no. 1 spot in Badminton in the year 2015.
(A) P. Gopichand (B) P. V. Sindhu
(C) Saina Nehwal (D) P. Kashyap

61. ________ is a connectionless, unreliable transport protocol.
(A) User Datagram Protocol (UDP)
(B) Transmission Control Protocol (TCP)
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

62. When was the President Rule imposed on Haryana for Second time ?
(A) 1969 (B) 1977
(C) 1971 (D) 1987

63. Which of the following districts of Haryana has the highest area under forest cover as per the 2011 Forest Survey of India ?
(A) Fatehabad (B) Panipat
(C) Panchkula (D) Gurgaon

64. Ashok Mehta Committee in 1977 recommended for the establishment of
(A) Panchayat Samiti
(B) Maha Panchayat
(C) Mandal Panchayat
(D) Nagar Panchayat

65. If x and y are negative, then which of the following statements is/are always true ?
I. x + y is positive.
II. xy is positive.
III. x – y is positive.
(A) III only (B) I only
(C) II only (D) I and III only

59. तांगनिका झील कहाँ स्थित है ?
(A) उत्तर अमेरिका (B) एशिया
(C) अफ्रीका (D) ऑस्ट्रेलिया

60. वर्ष 2015 में बैडमिंटन में विश्व में पहला स्थान प्राप्त करने वाले भारत के हरियाणा में जन्मे पहले खिलाड़ी का नाम बताइए ।
(A) पी. गोपीचंद (B) पी. वी. सिंधु
(C) साइना नेहवाल (D) पी. कश्यप

61. ________ एक कनेक्शनरहित, अविश्वस्त परिवहन प्रोटोकोल है ।
(A) यूसर डाटाग्राम प्रोटोकोल (UDP)
(B) ट्रान्समिशन कंट्रोल प्रोटोकोल (TCP)
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

62. हरियाणा में राष्ट्रपति शासन दूसरी बार कब लागू हुआ ?
(A) 1969 (B) 1977
(C) 1971 (D) 1987

63. 2011 के भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार हरियाणा का कौन–सा जिला सर्वाधिक वनाच्छादित है ?
(A) फतेहाबाद (B) पानीपत
(C) पंचकुला (D) गुड़गाँव

64. 1977 में अशोक मेहता समिति, ने ________ की स्थापना के लिए अनुशंसा की थी ।
(A) पंचायत समिति
(B) महा पंचायत
(C) मंडल पंचायत
(D) नगर पंचायत

65. यदि x और y ऋणात्मक हैं, तो निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सदैव सत्य है/हैं ?
I. x + y धनात्मक है ।
II. xy धनात्मक है ।
III. x – y धनात्मक है ।
(A) केवल III (B) केवल I
(C) केवल II (D) केवल I और III





Downloaded from www.cclchapter.com

66. The design of Indian National Flag was adopted by Constituent Assembly on
(A) 24th January, 1950
(B) 22nd July, 1947
(C) 27th December, 1946
(D) 26th November, 1949

67. The Executive Officer of Panchayat Samiti in Haryana shall be under the administrative control of the
(A) Development Officer
(B) President
(C) Commissioner
(D) Chairman

68. Which of the following is the composition of Banabhatta ?
(A) Sur Sagar
(B) Geetha Ramayan
(C) Harshacharita
(D) Bhagavad Geeta

69. Which of the following State shares its boundary with Haryana ?
(A) Mizoram
(B) Arunachal Pradesh
(C) Himachal Pradesh
(D) Sikkim

70. Kailasa temple at Ellora was built by
(A) Dhruva
(B) Krishna – I
(C) Krishna – III
(D) Amoghavarsha – I

71. Which place is called the highest battlefield in the world ?
(A) Aksai Chen
(B) Siachen Glacier
(C) Ladakh
(D) Kargil

66. संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप ________ को अपनाया गया ।
(A) 24 जनवरी, 1950
(B) 22 जुलाई, 1947
(C) 27 दिसंबर, 1946
(D) 26 नवंबर, 1949

67. हरियाणा में पंचायत समिति के कार्यपालक अधिकारी ________ के प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे ।
(A) विकास अधिकारी
(B) राष्ट्रपति
(C) आयुक्त
(D) अध्यक्ष

68. निम्नलिखित में से कौन-सी बाणभट्ट की रचना है ?
(A) सूर सागर
(B) गीत रामायण
(C) हर्षचरित
(D) भगवद्गीता

69. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य हरियाणा के साथ अपनी सीमा साझा करता है ?
(A) मिज़ोराम
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) सिक्कीम

70. एलोरा का कैलास मंदिर ________ द्वारा बनवाया गया ।
(A) ध्रुव
(B) कृष्ण – I
(C) कृष्ण – III
(D) अमोघवर्ष – I

71. कौन-सा विश्व का सबसे ऊँचा युद्धस्थल है ?
(A) अक्साई चिन
(B) सियाचिन ग्लेशियर
(C) लद्दाख
(D) कारगिल



Downloaded from www.cclchapter.com

72. Half of a byte is called a

(A) Byte

(B) Bit

(C) Nibble

(D) Word size

73. Which of the following architects planned the City Museum in Chandigarh ?

(A) Renzo Piano

(B) Frank Lloyd

(C) Le Corbusier

(D) Norman Foster

74. Which of the following is not the part of the mandatory Committees to be formed by the Panchayat Samiti as per Chapter X of the Haryana Panchayati Raj Act, 1994 ?

(A) Finance, Audit and Planning Committee

(B) General Committee

(C) Health and Welfare Committee

(D) Social Justice Committee

75. A __________ is a rule concerning what kind of data can be entered in a cell.

(A) Data-validation rule

(B) Format rule

(C) Transpose rule

(D) Boundary value

76. Section 164 of Haryana Panchayati Raj Act, 1994 deals with which provision ?

(A) Making false declaration

(B) Electoral division

(C) Preparation of list of voters

(D) None of the above

72. एक बाइट के आधे भाग को __________ कहा जाता है ।

(A) बाइट

(B) बिट

(C) निब्बल

(D) वर्ड साइज़

73. निम्नलिखित में से किस वास्तुकार ने चंडीगढ़ में नगर संग्रहालय की योजना बनायी ?

(A) रेंजो पियानो

(B) फ्रैंक लॉयड

(C) ली कार्बुसियर

(D) नॉर्मन फोस्टर

74. हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अध्याय X के अनुसार पंचायत समिति द्वारा बनाए जाने वाली अनिवार्य समिति का भाग निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है ?

(A) वित्त, लेखा परीक्षण और आयोजना समिति

(B) सामान्य समिति

(C) स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति

(D) सामाजिक न्याय समिति

75. __________ एक नियम है, जो इससे संबंधित है कि किस प्रकार के आँकड़े एक सेल में प्रविष्ट किए जा सकते हैं ।

(A) डाटा-वेलिडेशन रूल

(B) फॉर्मेट रूल

(C) ट्रांसपोज रूल

(D) बाउंड्री वैल्यू

76. हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 164 से कौन-सा प्रावधान संबंधित है ?

(A) झूठी घोषणा करना

(B) चुनावी विभाजन

(C) मतदाताओं की सूची तैयार करना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं





Downloaded from www.cclchapter.com

## English Language

**Direction (Q. No. 77 and 78)** : Fill in the blanks with appropriate words.

77. Do not __________ your voice here; this is a library.
(A) rice (B) rise
(C) raise (D) race

78. An _______ man is sure to be successful.
(A) industrious (B) industrus
(C) indistrious (D) indestrious

79. Choose the correct synonym of the word underlined in the following sentence from the alternatives given below it.
He saw the bewildered look on my face.
(A) Sad (B) Pleasant
(C) Happy (D) Baffled

80. Read the sentence to find out whether there is any error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. Mark the option of that part with error as your answer. If there is no error, mark (D). (Ignore errors of punctuation, if any.)
He is going every day for a morning walk with his friends and neighbours.
(A) with his friends and neighbours
(B) He is going every day
(C) for a morning walk
(D) no error

81. Choose the one word substitution for the following group of words.
Anything which destroys the effect of poison.
(A) Seramycin (B) Serum
(C) Antiseptic (D) Antidote

82. Select the antonym of the word given in capital letters.
RECTITUDE
(A) Reprisal
(B) Self-condemnation
(C) Deceitfulness
(D) Punctuality

## हिन्दी भाषा

83. निम्न में से कौन-सी जीवनी है ?
(A) हवा में तैरते हुए (B) वे दिन वे लोग
(C) स्मृति के झरोखे में (D) आज का जापान

84. 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी के रचनाकार हैं
(A) नरेश मेहता (B) रामकुमार वर्मा
(C) भुवनेश्वर (D) विष्णु प्रभाकर

85. 'देश-विदेश' _______ समास का उदाहरण है।
(A) बहुव्रीहि (B) द्विगु
(C) द्वंद्व (D) तत्पुरुष

86. किसके अनुसार "पद्मावत" एक समासोक्ति काव्य है ?
(A) गुलाब राय
(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(C) गणपति चंद्र गुप्त
(D) रामकुमार वर्मा

87. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है ?
(A) बनारस (B) बाँसवाड़ा
(C) आरा-भोजपुर (D) मगध

88. 'सूरसागर' के रचनाकार है
(A) रामानंद (B) सूरदास
(C) तुलसीदास (D) कबीर

89. ऐसे शब्द जो संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आये हैं, __________ कहलाते हैं।
(A) विदेशी (B) तत्सम
(C) तद्भव (D) इनमें से कोई नहीं

90. वाक्य के कितने भाग होते हैं ?
(A) चार (B) दो
(C) तीन (D) इनमें से कोई नहीं



Downloaded from www.cclchapter.com

10. Candidates are warned not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt, wear ornaments like ring, chain, earring etc. electronic or communication device, Pen, Pencil, Eraser, Sharpener and Correcting Fluid in the examination centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter in the examination centre. Candidate found possessing mobile phone or any other aiding material as mentioned above in the examination room will be treated a serious violation and it will amount to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examination.

11. The written examination will be supervised by doing frisking before allowing entry into Examination Centre, using CCTV Cameras, Biometric Attendance process by capturing the Biometric thumb impression and photograph of the candidates during Examination. Videography and Jammers and QR Code Scanning Process on admit card by QR Code Scanning team etc. shall be used in the Examination Hall/Examination Centre to stop copying and impersonation etc.

12. Candidate's request to change the examination centre and seat in the Examination Hall shall not be entertained.

13. The scanned photograph of the candidate on his/her Admit Card or attendance sheet will be tallied with the candidate appearing in the examination by the invigilator. In the event of any discrepancy in the identification and verification of the candidate and photographs, the candidate shall not be allowed to sit in the examination and be liable for criminal prosecution.

14. The OMR answer sheet consists of three copies, the original copy, the commission copy and the candidate's copy. Do not separate or displace them. Do not darken the bubbles in three copies of OMR Answer sheets separately. Candidate must handover the OMR Answer sheet without separating the three copies to the invigilator at the end of examination. Invigilator will hand over the candidate's copy after separating it. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.

15. Each question has four alternative answer of which only one is correct. For each question, darken only one circle, which ever you think is the correct answer on the OMR answer sheet **with only Blue/Black Ball Pen provided by the Commission.** Pencil should not be used for darkening the circle. If more than one circle is found darkened, that answer will not be evaluated.

16. No candidate shall be allowed to go to the toilet/washroom during first and last thirty minutes of the examination. No candidates shall be allowed to leave the examination centre before completion of the examination.

17. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer sheet blank. If any OMR Answer sheet is found blank, it shall be crossed by the invigilator with his/her signature and mentioning "Cancelled" on it.

18. The answer sheet will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the answer sheet invalid.

19. All the necessary particular on the answer sheet should be filled carefully. Change of answer sheet is not permitted.

20. While darkening the appropriate bubble(s) in the boxes darken the chosen bubble(s) fully as given below. If you darken more than one circle, your answer will be treated as wrong and such answer shall not be evaluated.

10. अभ्यार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे रुमाल, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक या संचार संबंधी यंत्र, पेन, पेन्सिल, इरेज़र, शार्पनर और लिखा हुआ मिटाने के लिए तरल पदार्थ परीक्षा-केंद्र में न ले जाएँ और न ही अँगूठी, चैन, कान में पहनने की इअरिंग या किसी भी प्रकार का आभूषण पहने । इन वस्तुओं के साथ किसी भी अभ्यार्थी को परीक्षा-हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । परीक्षा-कक्ष के अंदर किसी अभ्यार्थी के पास यदि मोबाइल फोन या ऐसी ही कोई वस्तु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, पायी जाती है तो इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और परीक्षा में उसकी अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा ।

11. लिखित परीक्षा के निरीक्षण में परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश से पहले तलाशी के अतिरिक्त, CCTV कैमरा, बायोमैट्रिक यंत्र से अँगूठे के निशान लेकर उपस्थिति भरना, फोटो खींचना, वीडियोग्राफी और जैमर और प्रवेश-पत्र पर QR कोड स्क्यानींग प्रोसेस QR कोड स्क्यानींग टीम की द्वारा का प्रयोग आदि शामिल है ताकि नकल को रोका जा सके और एक अभ्यार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षा न दे सके ।

12. परीक्षा-केन्द्र में परिवर्तन या परीक्षा-हॉल में सीट के परिवर्तन के संबंध में किसी भी अभ्यार्थी की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा ।

13. परिवीक्षक द्वारा प्रवेश-पत्र या उपस्थिति पत्रक में अभ्यार्थी के स्कैन किए हुए फोटो का मिलान अभ्यार्थी से किया जाएगा । अभ्यार्थी और उसके फोटो के सत्यापन और पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यार्थी को परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह आपराधिक अभियोग का पात्र होगा ।

14. इस OMR उत्तर-पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यार्थी प्रति । इन्हें कदापि अलग न करें । OMR उत्तर-पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें । अभ्यार्थी परीक्षा समाप्त होने पर OMR उत्तर-पत्रक तीनों प्रतियों को अलग किये बिना कक्ष परिवीक्षक को सौंप देंगे । अभ्यार्थी प्रति कक्ष परिवीक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी । अभ्यार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।

15. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक सही है । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्रक में केवल उस एक गोले को पेन से भर देना है जिसे आप सही उत्तर समझते हैं । **यह आपको आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए केवल नीले या काले बॉल-पेन से करना है।** गोलों को भरने के लिए पेन्सिल का प्रयोग नहीं करना है। यदि किसी उत्तर के लिए दो गोलों को गाढ़ा किया गया है तो उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

16. परीक्षा के प्रथम और अंतिम तीस मिनट के दौरान किसी भी अभ्यार्थी को प्रसाधन (टॉयलेट/वॉशरूम) में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी । किसी भी अभ्यार्थी को परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षा-केंद्र छोड़ने का अनुमति नहीं है ।

17. किसी भी अभ्यार्थी को OMR उत्तर-पत्रक खाली छोड़ने की अनुमति नहीं है। यदि कोई OMR उत्तर-पत्रक खाली पाई गई तो परिवीक्षक उस पर "क्रॉस" करने के पश्चात् अपना हस्ताक्षर कर देंगे और उस पर "निरस्त" लिख देंगे ।

18. उत्तर-पत्रक की जाँच इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग संसाधन से की जाएगी । अधूरा या गलत भरने पर उत्तर-पत्रक अमान्य हो सकता है ।

19. समस्त आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक उत्तर-पत्रक में भरना है । उत्तर-पत्रक के बदलाव की अनुमति नहीं है ।

20. बॉक्स के सही गोला/गोलों को रंगते समय नीचे दिए रूप में सही गोला/गोलों को रंगे । यदि आप एक से अधिक गोलों को काला करते हैं तो आपके उत्तर को गलत माना जाएगा और ऐसे उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा ।

| CORRECT METHOD/सही तरीका | WRONG METHODS/ गलत तरीके | | | |
|---|---|---|---|---|
| Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ |

21. If a candidate does not comply with the instructions as mentioned above or creates any kind of indiscipline, the Commission shall take action as per instructions and in addition can also debar the candidate from appearing in the Examination, to be held in future and can also file criminal proceedings.

21. यदि कोई अभ्यार्थी उपर्युक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है या अनुशासन भंग करता है तो आयोग निर्देशानुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही करेगा, और इसके अतिरिक्त उसे भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है। उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही का केस भी दर्ज किया जा सकता है ।



Downloaded from www.cclchapter.com